आज समाज 06/01/2026

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला कैंट में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत एआई कोर्स का शुभारंभ

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट ने टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल तथा फोकल स्किल डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड (फोकालाइट) के सहयोग से अपने परिसर में प्रतिष्ठित सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एस आई सी) प्रोजेक्ट के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स की शुरूआत की है। यह कोर्स 5 जनवरी 2026 से आरंभ हुआ है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-आधारित एआई स्किल्स से लैस करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को लाइव प्रोजेक्ट्स पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और उनकी प्रैक्टिकल क्षमता में वृद्धि होगी। कोर्स के प्रथम दिन एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को कोर्स की संरचना, उद्देश्य और सीखने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस की आधिकारिक टीम से सचिन मिश्रा और मिस जैसवीर कौर ने विद्यार्थियों को लर्निंग किट वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान के सह-

मुख्यवक्ता उपस्थिति व स्टाफ के साथ।

प्राध्यापक डॉ. एस. एस. नैन ने विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता और भविष्य उपयोगी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सैमसंग इनोवेशन कैंपस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास आज की आवश्यकता है, जो विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और करियर संभावनाओं को सशक्त बनाता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रबलीन कौर, डीन, फैकल्टी ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा श्याम रहेजा, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें इस सीखने के अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज की एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सुजान तथा सहायक प्रोफेसर कमलप्रीत कौर तथा डॉ. गीता कौशिक भी उपस्थित रहीं।